हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार 29 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 35 .4 डिग्री
न्यूनतम 13 .2 डिग्री

14 विधायक ने विस में बरसाती पानी की निकासी का मुद्दा उठाया



14 प्राइवेट स्कूल संघ मौलिक शिक्षा निदेशक से मिला






## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर कल

**हिसार।** भारत माता मंदिर में 30 मार्च को निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। एमसी कॉलोनी स्थित भारत माता मंदिर के सभागार में यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि शिविर में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक निशुल्क नेत्र जांच करके उचित परामर्श देंगे। इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। शिविर के संयोजन में भारत माता मंदिर के संरक्षक समाजसेवी अनिल महता की विशेष भूमिका रहेगी। नेत्र जांच के दौरान जिन बुजुर्गों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिलेगी उनका नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में निशुल्क किया जाएगा।

### बाबा हनुमान का विशाल जागरण 11 अप्रैल को

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर टेल वाला हनुमान मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी चैत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में बाबा हनुमान का 44 वां विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। मंदिर के पुजारी भागीरथ शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थान के प्रसिद्ध गायक मधुसूदन शर्मा की टीम एवं हरियाणवी गायकों की टीम बाबा का गुणगान करेंगी। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को मंदिर में मेला लगेगा तथा भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके अलावा रामनवमी पर 6 अप्रैल रविवार को सभी संगठन द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी।



**हांसी।** एएसआई जोगिंद्र सिंह के कंधे पर स्टार लगा पदोन्नत करते एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा

### एसपी ने एएसआई को लगाए स्टार

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने शुक्रवार को एंटी नार्कोटिक सेल में कार्यरत एएसआई जोगिंदर कुमार को सब इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत कर उसके कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सब इंस्पेक्टर जोगिंदर कुमार 15 अगस्त 2004 को पुलिस विभाग में सिपाही पद पर भर्ती हुए और पुलिस विभाग में अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते हुए पदोन्नति पाकर सब इंस्पेक्टर के पद तक पहुंचे है। सब इंस्पेक्टर जोगिंदर कुमार इंचार्ज एंटी व्हीकल थेफ्ट, सीआईए और थाना शहर हांसी में तैनात रहे है। वर्तमान में एंटी नार्कोटिक सेल हांसी में तैनात है।

### युवती को भगा ले जाने व रेप के दोषी को 20 साल कैद

हिसार। अदालत ने लगभग पांच वर्ष पुराने मामले में युवती को भगा ले जाने और उससे दुष्कर्म करने के दोषी युवक को 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। उस पर 1.06 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत में चले मामले के अनुसार 24 अगस्त 2020 को युवती के पिता ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि उक्त राहुल उसकी करीब 14 साल की बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। राहुल पहले से शादीशुदा है और उससे मेरी बेटी की इज्जत को खतरा है। मैंने अपने स्तर पर मेरी बेटी और राहुल की तलाश की, मगर उनका पता नहीं चला। शिकायत के बार पुलिस ने केस दर्ज करके बाद में युवती को बरामद करके राहुल को गिरफ्तार कर लिया था। युवती ने बताया था कि राहुल उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। उसने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता का नागरिक अस्पताल में मेडिकल करवाया।

## खेतों में जल भराव से अब फसलें नहीं होगी खराब

# विधायक ने विस में बरसाती पानी की निकासी का मुद्दा उठाया

जल्द इस विकास कार्य पर भी काम शुरू हो जाएगा, उन्होंने बताया कि रामपुरा गांव के लिए भी जल्द प्रपोजल तैयार करवा कर काम शुरू करवाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

ढाणा कलां व रामपुरा गांव के खेतों में अब किसानों की फसलें जल भराव के कारण खराब नहीं होगी। इन दोनों गांव के खेतों से बरसाती पानी निकासी के लिए जल्द ही स्थाई व्यवस्था करवाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए विधायक विनोद भयाना ने बताया कि ढाणा कलां गांव के खेतों से बरसाती पानी निकासी को लेकर सिंचाई विभाग द्वारा प्रपोजल तैयार कर लिया गया है। अब बहुत ही जल्द इस विकास कार्य पर भी काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि रामपुरा गांव के लिए भी जल्द प्रपोजल तैयार करवा कर काम शुरू करवाया जाएगा।



**हांसी।** विधानसभा सत्र में अपने विचार रखते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

### जल भराव की समस्या बताई

विधायक भयाना ने बताया कि इन दोनों गांव के खेतों से बरसाती पानी निकासी को लेकर की गई व्यवस्था के संबंध में उन्होंने शुक्रवार को विधानसभा में सवाल पूछा था। इसके प्रति उत्तर में संबंधित विभाग की मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया है कि ढाणा कला गांव के खेतों से बरसाती पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रपोजल तैयार हो चुका है। आगामी 30 जून 2026 तक इस विकास परियोजना का कार्य पूर्ण करवा दिया जाएगा।

### 30 जून 2026 काफी दूर

विधायक ने कहा कि मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा बताए गए समय पर उन्होंने मंत्री से कहा कि 30 जून 2026 आने में अभी लगभग डेढ़ वर्ष बाकी है और जल भराव होने से किसानों को काफी आर्थिक नुकसान होता है। इसलिए जितना जल्दी हो सके उतने कम समय में बरसाती पानी निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा करवाया जाए ताकि किसानों को भविष्य में कभी भी फसल खराबे से होने वाली आर्थिक हानि नहीं हो। इस पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाया जाएगा।

## मयंक व आराध्या का हिंदी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हिसार।** सेंट कबीर विद्यालय के विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन हिंदी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 45 पदक प्राप्त किए। कक्षा तीसरी के मयंक व आराध्या ने राज्य स्तर पर पदक जीतकर विद्यालय को गौरवांवित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरू महतानी ने पदक और प्रमाण पत्र देकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करने का उपयुक्त माध्यम हैं।



**हिसार।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी मयंक व आराध्या।

## छात्रों ने सड़क सुरक्षा के बताए नियम

- हस्ताक्षर अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

राजकीय महाविद्यालय बरवाला के प्रांगण में यातायात व्याख्या केंद्र पर हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान की शुरुआत प्राचार्य दलबीर गिल, कार्यक्रम प्रभारी पंकज रहेजा, आशीष कुमार, पिंकी देवी, इंद्रा बिश्नोई व राहुल ने की । महाविद्यालय प्राचार्य दलबीर गिल ने हस्ताक्षर अभियान के दौरान सभी विद्यार्थियों को कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलाना चाहिए। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, कार में सीट बेल्ट का प्रयोग करने आदि अनिवार्य हैं, जिसका पालन हर नागरिक को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाहनों में ओवरलोड या ट्रिपल राइडिंग न करें, सिग्नल न तोड़ें, दुर्घटनाग्रस्त की मदद करें, वाहन चलाते समय कभी भी नशे का सेवन नहीं करना चाहिए। अभियान में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर यातायात व्याख्या केंद्र प्रभारी पंकज रहेजा, आशीष कुमार, पिंकी देवी, इंद्रा बिश्नोई व राहुल उपस्थित रहे।




**बरवाला।** हस्ताक्षर अभियान में उपस्थित कार्यक्रम प्रभारी व छात्र छात्राएं।

## पटवारी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित




**मंडी आदमपुर।** आदमपुर तहसील मे कार्यरत न्योली खुर्द के पटवारी कोहरसिंह की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर तहसीलदार रामनिवास भादू ने कोहर सिंह के कार्य प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें ईमानदारी के साथ अपना कार्य करना चाहिए। इस मौके पर कोहर सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामचंद्र पटवारी, प्रीतम पटवारी, विनोद यादव, ओपी यादव, वंदना, वीरा, वजीर सिह, सुंदर, राम चंद्र फुरसाणी, वजीर सिंह ज्याणी आदि मौजूद रहे।

## प्राइवेट स्कूल संघ मौलिक शिक्षा निदेशक से मिला

- प्रतिनिधिमंडल ने संघ की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

प्राइवेट स्कूल संघ हरियाणा के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के नेतृत्व में शिक्षा सदन पंचकुला में मौलिक शिक्षा विभाग के निदेशक विवेक अग्रवाल के साथ मीटिंग हुई। पौना घंटा चली इस बैठक में एडिशनल डायरेक्टर हिमांशु चौहान व आरटीई ब्रांच अधिकारी शकुंतला संधू विशेष तौर पर उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें प्राइवेट स्कूलों से संबंधित विभिन्न मांगों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा और विस्तृत चर्चा की। हांसी के विधायक विनोद भयाना ने निदेशक को फोन कर प्राइवेट स्कूलों की मांगों की जोरदार पैरवी की। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि चिराग योजना,134 ए तथा आरटीई के बच्चो की फीस के लिए पोर्टल पर अधूरे कागजात अपलोड होने के कारण सूची में नाम नहीं आने पर कमियों को दूर करने के लिए दोबारा से पोर्टल खोलने, बच्चों की निर्धारित राशि समय पर स्कूलों को देने, मान्यता की फाइलों पर बार बार ऑब्जेक्शन न लगाने, चिराग योजना की 11वीं कक्षा की सीटें दसवीं का रिजल्ट आने के बाद भरवाने सहित विभिन्न मांगे रखी गई। शिक्षा निदेशक विवेक अग्रवाल ने संघ की ज्यादातर मांगों को जायज मानते हुए सहमति जताई और मौके पर ही अधिकारियों को आदेश दिया कि अधूरे कागजात पूरे करने के लिए 30 अप्रैल तक पोर्टल खोल दिया जाए और मान्यता की फाइलों पर अगर कोई ऑब्जेक्शन है तो वे एक बार में ही लगाए जाए साथ ही निदेशक ने आगे से चिराग, 134 ए तथा आरटीई का पैसा भी समय पर देने का आश्वासन दिया लेकिन नए सत्र के लिए चिराग योजना का पोर्टल दोबारा से खोलने से मना कर दिया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के अलावा पैटर्न तेलु राम रामायणवाला, प्रदेश सचिव प्रदीप पूनिया, प्रधान रविंद्र अत्री, अनिल गरसा आदि मौजूद रहे।



**बरवाला।** मौलिक शिक्षा विभाग के निर्देशक को ज्ञापन सौपता प्राइवेट स्कूल संघ प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

### सौंपा ज्ञापन

प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें प्राइवेट स्कूलों से संबंधित विभिन्न मांगों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा और विस्तृत चर्चा की।

## अलंकरण समारोह में विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रेरित किया

- ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों और अभिभावकों को एक यादगार अनुभव प्रदान किया। समारोह का शुभारंभ ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो.चांसलर डॉ. पूनम गोयल के कर-कमलों से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं । मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को डिग्री से सम्मानित किया और उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। इस समारोह के दौरान नर्सरी से लेकर ग्यारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को विशेष परिधान में डिग्री से सम्मानित किया गया। यह उनके शैक्षिक सफर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव था । स्कूल के विद्यार्थियों ने गायन, नाटक, नृत्य और समूह गान के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य के. एल. गोस्वामी ने अपने संबोधन में बच्चों के सही मार्गदर्शन में स्कूल और माता-पिता के योगदान पर चर्चा की।



**हिसार।** अलंकरण समारोह में सम्मानित होने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## प्रवचन सुनकर गदगद हुए भक्त

- समाजवाद और मानव कल्याण के अग्रदूत थे महाराजा अग्रसेन : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अग्रोहा शक्तिपीठ पर आयोजित अग्र भागवत कथा के तीसरे दिन महाराजा अग्रसेन की जीवनी और उनके द्वारा प्रतिपादित 18 सिद्धांतों पर आधारित एक महत्वपूर्ण कथा का आयोजन किया गया। इस कथा में महाराजा अग्रसेन के जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया गया, जिनमें उनकी राज्य नीति, समाज सेवा, और आध्यात्मिक ज्ञान शामिल हैं। कथा वाचक महामंडलेश्वर आचार्य नर्मदा शंकर ने बताया कि महाराजा अग्रसेन ने बारह योजन लंबी एवं चार योजन चौड़ी अग्रोहा नगरी का निर्माण कराया, जिसमें एक लाख लोगों को बसाकर उनके रोजगार, शिक्षा, और रहने के लिए घर की व्यवस्था की। उन्होंने राम राज्य की तरह प्रजा का पालन किया और नागराज महिधर की पुत्री माधवी से विवाह करके एक पत्नी व्रत सिद्धांत को प्रतिपादित किया।

महाराजा अग्रसेन ने 18 पुत्रों एवं 18 गोत्रों का वर्णन किया और भगवान अग्रसेन जी ने 18 सिद्धांतों को प्रतिपादित किया। उन्होंने एक रुपया एक ईंट के सिद्धांत को लागू करके सब में समानता के भाव प्रकट किये। महाराजा अग्रसेन समाजवाद व मानव कल्याण के अग्रदूत थे। इस अवसर पर मुख्य यजमान ताराचंद गोयल बैंगलोर, अन्न श्रेत्र के वाइस चेयरमैन नरेश बंसल तरावड़ी, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष विनीता खेतावत, राष्ट्रीय उप महामंत्री सी बी गोयल, एमपी गोयल, प्रदेश महामंत्री मोहित बंसल, विपिन गोयल छानीवाला आदि मौजूद रहे।




**हिसार।** प्रवचन देते महामंडलेश्वर आचार्य नर्मदा शंकर। फोटो : हरिभूमि

**भक्ति मार्ग** हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान के 69वें वार्षिक महोत्सव का दूसरा दिन

# चार दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग के दूसरे दिन प्रभु भक्ति के प्रवचन सुन भावविभोर हुए भक्त

इंसान बुरा नहीं होता, होता है समय बुरा : साध्वी करुणागिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान, ऋषि नगर के 69वें वार्षिक महोत्सव एवं नव वर्ष विक्रमी सम्वत्सर पर्व के उपलक्ष्य में चल रहे चार दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग के दूसरे दिन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संत शिरोमणि बालयोगिनी साध्वी करुणागिरी महाराज, हरिद्वार वालों ने श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान की नजर सीधी होगी तो तर जाओगे। सरकार की नजर से बच सकते हो किंतु भगवान तो निरन्तर देख रहे हैं। एक मकान कितना ही बढ़िया बना लो 20-25 साल बाद तो रिपेयर मांगता ही है। ऐसा ही इंसान के साथ है। भक्ति के बिना बेड़ा पार नहीं होगा। जोश के साथ होश में रहो। इंसान को लगने वाली ठोकरों में से कोई ठोकर नुकसान करा देती है तो कोई ठोकर गोबिंद से मिला देती है। संसार में रहकर हम धन कमाने की लालसा रखते हैं। श्रीरामचरित मानस की एक-एक चौपाई मंत्र के समान है। हर गृहस्थी के लिए भी प्रेरणादायी है। जीवन में कोई ऐसा काम नहीं जो हनुमान जी ने सिरे न चढ़ाया हो। उन्होंने कहा कि जिंदगी में तीन इंसान को कभी नहीं भूलना। पहला जिसने आपको दुख दिया। दूसरा जिसने आपको दुख में अकेला छोड़ दिया और तीसरा जिसने आपका मुसीबत में साथ दिया हो। इंसान बुरा नहीं होता, समय बुरा होता है इसलिये कई बार अपनों से भी विश्वास उठ जाता है। समय बड़ा बलवान है। समय के आगे सब झुक जाते हैं।



**हिसार।** हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान में प्रवचन देते साध्वी करुणागिरी व उपस्थित श्रद्धालु।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

संस्था के महासचिव टीनू आहुजा ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी ओ.पी. मेहता, डॉ. महिपाल मुंजाल, शम्मी नागपाल, पीयूष महता, राधेश्याम भाटिया व राजीव सचदेवा एडवोकेट मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित हुए। सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन ओमप्रकाश असीजा ने किया। इस मौके पर समाजसेवी राजकुमार सेतिया, टीनू आहुजा, बलदेव ग्रोवर, अशोक ग्रोवर, सुरेन्द्र बजाज, अधिवक्ता रवि मेहता, जगदीश गांधी, मनोज नागपाल, प्रेम असीजा, बिट्टू तनेजा, पार्थ चोपड़ा, प्रिंसीपल मंजु गांधी के अलावा सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दीपक मित्तल बने विहिप हांसी नगर इकाई मंत्री

**हांसी।** विश्व हिंदू परिषद व बंजरग दल हांसी इकाई की शुक्रवार को संघ कार्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का आयोजन प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम व विभाग संगठन मंत्री प्रवीन की अध्यक्षता में किया गया। मीटिंग हांसी जिला संयोजक संदीप तहलका के द्वारा आयोजित की गई थी। इसमें राम नवमी उत्सव मनाने के विषय पर चर्चा हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से दीपक मित्तल को हांसी विश्व हिंदू परिषद की नगर इकाई का नगर मंत्री व ईश्वर सिंह उमरा को जिला कार्यकारिणी का सौंपा गया। इस बैठक में आरएसएस के सह जिला संघ चालक कृष्ण सिंह यादव, ग्राम विकास संयोजक प्रविन्द्र लोहान, मोनू सिसोदिया, सुशील कुमार, पूनम जांगड़ा, सुरज व दिनेश कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### प्रभुवाला में दूसरा डे नाइट फुटबॉल कप शुरू

**उकलाना।** पीर बाबा फुटबॉल क्लब ट्रस्ट द्वारा दूसरा डे नाइट टूर्नामेंट का गांव प्रभुवाला में शुभारंभ हुआ। इसमें 24 टीम में हरियाणा भाग ले रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व खिलाड़ी एवं पूर्व सरपंच राजकुमार बेदी, ज्ञानचंद शर्मा, प्रेम एकलव्य, सुभाष जांगड़ा, बलजीत निंबारण आदि ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान पर रहने वाले टीमों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में कमेटी प्रधान सन्नी सरदार, सचिव चनवीर तूर, उपप्रधान अंकुश सेलवाल, सहसचिव राजेंद्र सेन, विशाल बेदी, विकास बेदी, रोहित, मनोज बसानीवाल, संगम बेदी आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता में खुशबू ने मारी बाजी

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की मैडम क्यूरी केमिकल सोसायटी के द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया । विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों जैसे ग्रीन कैमेस्ट्री, कैमिस्ट्री इन एवरीडे लाइफ, करंट इन्नोवेशंस इन कैमिस्ट्री इत्यादि विषयों पर पीपीटी प्रस्तुत कर अपने विचार व्यक्त व्यक्त किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी फाइनल की खुशबू, द्वितीय स्थान बीएससी सेकंड की हिमांशी व तृतीय स्थान बीएससी फर्स्ट की कृशीता ने प्राप्त किया। इस अवसर पर रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ रामप्रताप, उप प्राचार्य डॉक्टर सेवदा एवं डॉ प्रवीण बिश्नोई ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत तथा प्रोत्साहित किया।

### श्रीहनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम कल से

**मंडी आदमपुर।** काजला धाम के प्रांगण में श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर 30 मार्च से 16 दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आगाज होगा। धाम में रविवार 30 मार्च से 15 दिवसीय 10वां संगीतमय अखंड श्रीहनुमान चालिसा महायज्ञ का शुभारंभ होगा। मंदिर के महंत अंजनी भाई जोशी ने बताया कि बाबा के जन्मोत्सव पर धाम में 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे पांच दिवसीय मारूति महायज्ञ प्रारंभ होगा। श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर धाम में 12 अप्रैल को लगने वाले विशाल मेले में प्रातःकाल श्रीबालाजी महाराज का विशेष स्नान व स्वर्ण श्रृंगार होगा।

### पेट्रोल पंप चोरी हुआ ट्रक, जयपुर से बरामद

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने तोशाम रोड स्थित लवकुश पेट्रोल पंप के पास से चोरी हुए ट्रक को राजाराम गार्डन, जयपुर से बरामद किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मुख्य सिपाही रमेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में 22 नवंबर 2022 को थाना आजाद नगर में तोशाम रोड स्थित लवकुश पेट्रोल पंप के पास से ट्रक चोरी होने के बारे में शिकायत मिली। इसमें शिकायतकर्ता गांव कंवारी निवासी विकास ने बताया कि 21 नवंबर 2022 को उसने अपना ट्रक लवकुश पेट्रोल पंप के पास खड़ा किया था जो अगले दिन सुबह वहां नहीं मिला। पुलिस ने दी गई शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन शुरू की। पुलिस जांच के दौरान चोरीशुदा ट्रक के राजाराम गार्डन जयपुर में होने के बारे सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने छापा मारकर चोरी शुदा ट्रक राजाराम गार्डन जयपुर से बरामद कर लिया। आरोपी की तलाश जारी है।

### आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन

**जींद।** राजकीय आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन प्राचार्य अनिल कुमार गोयल की अध्यक्षता में किया गया। इसमें 17 छात्रों का चयन कंपनी रोल पर किया गया। कैंपस में यूनो मिंडा लिमिटेड बावल ने भाग लिया और छात्रों के चयन के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया की गई। इसमें विभिन्न ट्रेडों के 271 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 167 विद्यार्थियों ने अपना इंटरव्यू दिया। प्राचार्य ने बताया कि यूनो मिंडा कंपनी गाडिय़ों के एलोय व्हील बनाती है। जिन उम्मीदवारों का सिलेक्शन कंपनी ने इंटरव्यू के दौरान किया है, उनको परफ ॉर्मेंस के बेस पर वेतन वृद्धि भी दी जाएगी।

# सर्वार्थ सिद्धि योग में 8 दिन मनाए जाएंगे मां दुर्गा के नवरात्र

- हाथी पर सवार होकर आएंगी मां भगवती, हाथी पर ही जाएंगी वापिस : राममेहर शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अबकी बार चैत्र नवरात्रि 30 मार्च चैत्र शुक्ल पक्ष रेवती नक्षत्र इंद्रयोग और सर्वार्थ सिद्ध योग दिन रविवार को शुरू हो रहे हैं, जो कि बहुत ही शुभ है।

### 6 अप्रैल को समापन

अबकी बार नवरात्रि तृतीया तिथि क्षय होने के कारण 9 दिन की बजाए 8 दिन मनाए जाएंगे। नवरात्रे 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल को समाप्त होंगे। 5 अप्रैल दिन शनिवार अष्टमी तिथि को कन्या पूजन लांगुरिया पूजन किया जाएगा और 6 अप्रैल दिन रविवार को श्रीराम नवमी मनाई जाएगी।

### कलश स्थापना के लिए ये शुभ मुहूर्त

वैसे तो नवरात्रि में किसी भी समय कलश पूजन व मां दुर्गा का पूजन किया जा सकता है। कलश स्थापना का शास्त्रों के अनुसार शुभ मुहूर्त सुबह 6:15 से 10:30 तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से 12:50 तक रहेगा। शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना करने से पूजा और व्रत का विशेष फल मिलता है। जो भक्त नवरात्रों में व्रत उपवास रखते हैं, जो पूरे 9 दिन ना रख सके तो पहला और आखिरी रख लेना चाहिए।



आचार्य राममेहर शास्त्री।

### आदिशक्ति के नौ रूपों की होगी पूजा

ऋषि नगर स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पुजारी एवं राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के पूर्व अध्यक्ष आचार्य राममेहर शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि एक संस्कृत का शब्द है जिसका अर्थ होता है नव+रात्रि। नवरात्रों में शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा आदिशक्ति के नौ रूपों की पूजा की जाती है। प्रथम शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चंद्रघंटा, चतुर्थ कुष्मांडा, पंचम स्कंदमाता, षष्टम कात्यायनी, सप्तम कालरात्रि, अष्टम महागौरी एवं नवम् सिद्धिदात्री के रूप मे पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि से ही हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। हिंदू नव संवत का नाम सिद्धार्थी होगा। इन नौ दिनों में मां आदिशक्ति दुर्गा देवी की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। निसंतान को संतान प्राप्त होती है। कोर्ट कचहरी मुकदमें में विजय होती है। आचार्य राममेहर शास्त्री ने बताया कि शास्त्रों में मां दुर्गा के इस रूप को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है। खास बात यह है कि चैत्र नवरात्रि के पहले दिन कई शुभ संयोग बन रहे हैं।

### नवरात्रों में अखंड ज्योत जलाने का विशेष महत्व

नवरात्रों में मां दुर्गा की अखंड ज्योत जलाने का और दुर्गा सप्तशती का पाठ करने का भी विशेष महत्व होता है। मां दुर्गा के पूजन की सामग्री रोली, मोली, चावल, लौंग, इलायची, सुपारी, पीली सरसों, हल्दी की गांठ, देसी घी, लाल कपड़ा, मां की लाल चुनरी, पानी वाला नारियल, दूध, दही, शहद, देसी खांड, गंगाजल, लाल आसन आदि होना चाहिए।

### मां भगवती का हाथी पर आवागमन शुभ संकेत

राममेहर शास्त्री ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार मां भगवती हाथी पर सवार होकर आएंगी और प्रस्थान भी हाथी पर बैठकर करेंगी। शास्त्रों में बताया गया है कि जब मां भगवती की सवारी हाथी की होती है तो यह बेहद ही शुभ संकेत माना जाता है। हाथी को सुख समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है। भगवती जब हाथी पर सवार होकर आती है तो किसानों और व्यापारियों के लिए बहुत ही शुभ संकेत होता है।

## अधिकारियों ने रूट प्लान के संबंध में दिए दिशा निर्देश

# पीएम मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर किया एयरपोर्ट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को प्रस्तावित हिसार दौरे के मद्देनजर तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसीयूटी कनिका गोयल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने एयरपोर्ट का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व विधायक डॉ. कमल गुप्ता, भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, मेयर प्रवीन पोपली, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा मौजूद थे।

एडीसी सी जयाश्रद्घा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर होने वाली गतिविधियों के बारे में समीक्षा की। उन्होंने एयरपोर्ट पर मौजूद तमाम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं सदृढ होनी चाहिए। एडीसी ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूट प्लान के संबंध में दिशा निर्देश भी दिए। अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं ताकि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो।इस मौके पर हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, प्रवीण जैन, जिला महामंत्री संजीव रेवड़ी , जिला सह कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, कृष्ण खटाना, संजय सैनी, अजय धुंधवाल, मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, दीपक अग्रवाल, तरुण कुमार खुराना, विजय मलिक, मनोज कुमार मय्यड़, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी, मंडल सचिव विनोद तोशावड और अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हिसार ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारियों के संबंध में एयरपोर्ट को दौरा करते प्रशासनिक अधिकारी व भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

### यातायात और पार्किंग की विशेष योजना

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए प्रशासन ने यातायात और पार्किंग की विशेष योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दृष्टिगत ट्रैफिक को सुचारू रूप से नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### धारा 163 के तहत लगाई पाबंदियां

हिसार। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 31 मार्च के प्रस्तावित दौरे को लेकर अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल के 2 किलोमीटर के दायरे में धारा 163 के तहत विभिन्न प्रकार की पाबंधियां लगाई गई हैं। जिलाधीश सी जयाश्रद्घा ने आदेश जारी करते हुए कहा कि कार्यक्रम के सुचारू संचालन और असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए कार्यक्रम स्थल के समीप निर्दिष्ट मार्गों के दोनों ओर 100 मीटर के भीतर कोई भी वाहन पार्क नहीं किया जाएगा। मार्गों के दोनों ओर 100 मीटर के भीतर पांच या अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने या सभा करते पर प्रतिबंध रहेगा। इसी प्रकार से हथियारों, आग्नेयास्त्रों, लाठी, डंडों, लोहे की छड़ों, तलवारों, चाकुओं या किसी भी अन्य वस्तुओं को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध रहेगा। उपरोक्त स्थलों पर किसी भी प्रकार का प्रदर्शन या धरना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस तथा अन्य सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे।



हिसार ।रक्तदान करने वालों को सम्मानित करते डॉ. युद्धवीर ख्यालिया।

## सम्मान समारोह में जय रक्तदाता का नारा दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन और इम्यूनो हेमेटोलॉजी के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत आईएएस डॉ. युद्धवीर सिंह ख्यालिया ने कहा है कि रक्तदान एक महान कार्य है जो जीवन बचाने में मदद करता है। हमें उन लोगों का सम्मान करना चाहिए जो इस नेक काम में शामिल हैं।

डॉ. युद्धवीर ख्यालिया डिफेंस कॉलोनी स्थित वरिष्ठ नागरिक क्लब में आयोजित रक्तदान के लिए सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 'जय रक्तदाता का नारा दिया' और कहा कि हमें खुद भी रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में उन लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने पिछले एक वर्ष में रक्तदान करके मानवता की सेवा की। उन्हें प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिया गया।

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की तरफ से डॉ. स्नेहिल गुप्ता व डॉ. विजेता तिवारी छात्र-छात्राओं को लेकर इस आयोजन में सम्मिलित हुए और विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

लुवास से सबसे ज्यादा बार रक्तदान करने वालों में इंटर्नशिप के छात्र तरुण, मुनीश, शेखर व तृतीय वर्ष से मधुबाला को भी सम्मानित किया गया।

## न्यायाधीश पुरी ने किया हांसी न्यायिक परिसर का निरीक्षण

बार एसो. ने किया स्वागत

हांसी। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जसगुरप्रीत सिंह पुरी ने शुक्रवार को हांसी न्यायिक परिसर का दौरा कर चारों कोर्ट की कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल, अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन आशुतोष, सिविल जज जूनियर डिवीजन विकास, सिविल जज जूनियर डिवीजन राजेश कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन खुशकरण जोत सिंह गिल, सिविल जज जूनियर डिवीजन नव नूर कौर तथा जिला प्रशासन की ओर से पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा, एसडीएम राजेश खोथ उनके साथ मौजूद रहे। न्यायाधीश जेएस पूरी ने कोर्ट परिसर के निरीक्षण से पूर्व कोर्ट परिसर में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने बार एसोसिएशन के सभागार में वकीलों को संबोधित किया। इस दौरान बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया ने बार की कुछ मांगे भी पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जेएस पुरी के सम्मुख रखी।



हांसी। कोर्ट परिसर में पौधारोपण करते न्यायाधीश जेएस पुरी फोटो : हरिभूमि

## फोटोग्राफी प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का समापन

- फोटो प्रदर्शनी प्रकृति को देखने और दिखाने का एक शानदार प्रयास : डॉ. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई ने कहा है कि कैमरे के माध्यम से तस्वीरों को उतारना एक बेहतरीन कला है। फोटोग्राफी केवल कला की अभिव्यक्ति ही नहीं, बल्कि कलाकार के भावों का प्रतिबिंब भी है। डॉ. वंदना बिश्नोई शुक्रवार को गुजविप्रौवि के फोटोग्राफी क्लब 'प्रतिबिंब' द्वारा आयोजित दो दिवसीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता व प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में अपना वक्तव्य दे रही थी। समारोह की अध्यक्षता फोटोग्राफी क्लब के सलाहकार प्रो. संजीव कुमार ने की। मुख्यातिथि डा. वंदना बिश्नोई ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि यह फोटो प्रदर्शनी प्रकृति को देखने और दिखाने का एक शानदार प्रयास है। इस प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर किया है। यह शानदार प्रदर्शनी बता रही है कि विद्यार्थी प्रकृति व विश्वविद्यालय को कैमरे की नजर से कैसे देखते हैं। विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। फोटोग्राफी क्लब के सलाहकार प्रो. संजीव कुमार ने इस आयोजन पर सभी का विशेष आभार व्यक्त किया। क्लब के संयोजक डॉ. मिहिर रंजन पात्र ने बताया कि विश्वविद्यालय सत्र पर क्लब द्वारा पहली बार हो रही इस प्रतियोगिता में 60 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



हिसार ।फोटोग्राफी व प्रदर्शनी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### पत्रकार सुरेश सहारण को पितृ शोक

**हिसार।** एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता सुरेश सहारण के पिता निहाल सिंह सहारण का निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। वह पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार बस स्टैंड स्थित श्मशान भूमि में किया गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि निहाल सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से एग्रीकल्चर इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उसके बाद वह विद्या नगर में रहने लगे थे। पिछले कुछ सालों से बीमार होने के कारण वह अभी घर पर थे। गुरुवार तड़के बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे दो बेटे, बेटियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है।

## सेक्टरों में गहराया पेयजल संकट, एचएसवीपी अधिकारी से की मुलाकात

**हिसार।** नहरबंदी के कारण शहर के कई सेक्टर्स में पेयजल संकट गहराया हुआ है। सेक्टर्स में एक दिन छोड़कर सप्लाई की जा रही है। कुछ जगहों पर पेयजल सप्लाई का प्रेशर कम होने के कारण सेक्टर के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। इसके कारण पीने के पानी की समस्या और अधिक बढ़ गई है। उधर, पेयजल समस्या को लेकर सेक्टर 33 आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मवीर पानू, सेक्टर 14 आरडब्ल्यूए प्रधान अजय जिंदल, सेक्टर 14 पार्ट 2 संरक्षक प्रवीण सिंगल एवं वार्ड नंबर 1 पार्षद प्रतिनिधि टीनू जैन ने शहरी एवं विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने तीनों सेक्टर्स में पीने के पानी की समस्या अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सेक्टर में पीने के पानी की तीन-चार दिनों से गंभीर समस्या बनी हुई है। लोगों के घरों में वाटर सप्लाई का पानी नहीं पहुंच रहा था जिससे लोगों में काफी नाराजगी एवं मायूसी है। इसके बाद अधिकारियों ने यह आश्वासन दिया कि चार-पांच दिन प्रतिदिन एक समय वाटर सप्लाई दी जाएगी। सेक्टर 33 आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मवीर पानू ने सेक्टरवासियों से अपील की कि नहरबंदी के चलते पानी की अधिक से अधिक बचत करे। नहर के 22 अप्रैल तक आने की संभावना है और उसके एक हफ्ते बाद राणा माइनर में पानी आएगा। इस दौरान भी गाड़ियां धोने का विचार टाले ।

मांग | केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 31 मार्च को शहर में

# अग्रोहा को पर्यटन स्थल व मेडिकल कॉलेज में कैंसर अस्पताल शुरू किया जाए : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा है कि अग्रोहा आ रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में कैंसर हॉस्पिटल बनाने की घोषणा करनी चाहिए। इसके अलावा केंद्र सरकार को अग्रोहा को पर्यटन स्थल तथा अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर बनाना चाहिए।

बजरंग गर्ग अग्रोहा धाम में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में अग्रोहा के विकास बाबत विचार किया गया। उन्होंने कहा कि अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 31 मार्च को आ रहे है लेकिन बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि अग्रोहा धर्मनगरी महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी में सरकार की तरफ से कोई भी मूलभूत सुविधा तक नहीं है। सरकार ने अग्रोहा को तहसील बनाने की घोषणा करने के बावजूद अभी तक तहसील नहीं बनी है। अग्रोहा में बरसाती नालें, सीवरेज लाईन व कोई मूलभूत सुविधा तक नहीं है। अग्रोहा में आज तक सरकार बस अड्डा तक चालू नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को अग्रोहा के विकास के लिए विशेष पैकेज देना चाहिए। इस मौके पर पदाधिकारी मौजूद रहे।



हिसार ।अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एनके गोयल, ऋषिराज गर्ग, अनिल सिंगला, सत्यपाल अग्रवाल, चूड़िया राम गोयल, अनंत अग्रवाल, महेश अग्रवाल, ईश्वर सेठ, पवन गर्ग, सुरेंद्र बागड़ी, राजेंद्र बंसल, आनंद गोयल, पवन गोयल, निरंजन गोयल, संदीप कुमार आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे।

### बाल भवन का दीक्षांत समारोह आयोजित

**हिसार।** बाल भवन में शुक्रवार को वार्षिक दीक्षांत समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकाशवाणी केंद्र, हिसार के निदेशक पवन कुमार ने की। समारोह में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। समारोह में बाल भवन स्कूल के विद्यार्थियों को उनकी वार्षिक उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. जगबीर सिंह ने 20 बच्चों को मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया, जबकि पांच बच्चों को उनकी अटेंडेंस के लिए पुरस्कृत किया गया। डिजाइनिंग और ब्यूटीशियन सेंटर की दो-दो छात्राओं को भी उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों पर नवाजा गया।

### पोस्टर मेकिंग में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय में विद्यालय में भौतिकी विभाग के प्रोटोन क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने भौतिकी विज्ञान के विभिन्न उपकरणों के पोस्टर बनाकर अपनी रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया। मीडिया प्रभारी प्रो.मनोज कुमार ने बताया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कि उन्हें विज्ञान के प्रति अपना रुझान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता की संयोजक डॉ . कीर्ति ने छात्रों को भौतिकी विज्ञान के प्रति जागरूक किया।

**सूचना**

मै, सुनीता पत्नी श्री सत्यवान निवासी गांव गुराना तहसील हांसी जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रजत हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं रजत को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं, आज के बाद रजत के साथ मेरा किसी प्रकार का ताल्लुक या वास्ता नहीं है। और इसके साथ लेन-देन व व्यवहार करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### आर्य समाज स्थापना सप्ताह का आयोजन

**बरवाला।** डीएवी राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट पब्लिक स्कूल खेदड़ के प्रांगण में आर्य समाज स्थापना सप्ताह का आयोजन डीएवी प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा के अध्यक्ष सत्यपाल आर्य के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत आर्य समाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती के शिष्य पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी की पुण्यतिथि और महात्मा आनंद स्वामी स्मरण दिवस व आर्यरत्न पद्म अलंकृत पूनम सूरी का जन्म दिवस मुख्य रूप से सम्मिलित हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हवन से किया गया।

### कृष्ण कुमार बेलदार सेवानिवृति पर सम्मानित

**हिसार।** 41 वर्ष की सेवा के उपरांत कृष्ण कुमार बेलदार की सेवानिवृति पर नगर निगम के मुख्य सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मेयर प्रवीण पोपली ने कृष्ण कुमार बेलदार को पगड़ी पहनाई वहीं निगमायुक्त नीरज ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कृष्ण कुमार बेलदार मूलरूप से जुगलान की ढ़ाणी के निवासी हैं। कृष्ण कुमार 1984 में नियुक्ति हुई थी।
इस मौके पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, एक्सईएन संदीप धुंधवाल, एक्सईएन संदीप सिहाग आदि रहे।

### लाला लाजपत राय की प्रतिमा लगने से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी : गुप्ता

**हिसार।** अग्रोहा विकास ट्रस्ट महिला समिति की अध्यक्ष रम्मी गुप्ता ने नगर निगम परिसर में महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद लाला लाजपत राय की प्रतिमा स्थापना स्थल का शिलान्यास करने पर पूर्व शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व नवनिर्वाचित मेयर प्रवीन पोपली का आभार प्रकट किया है। लाला लाजपत राय हिसार नगर पालिका के 1899 में सचिव पद पर काम करने वाले पहले व्यक्ति थे। उनके कार्यकाल में पहली बार हिसार में पक्की सडक़ें बनने का कार्य शुरु किया गया।

### सफाई व्यवस्था प्राथमिकता रहेगी : चेयरमैन

# नपा चेयरमैन शमशेर समेत 16 पार्षदों ने किया पद ग्रहण

सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के लिए नए सफाई कर्मचारियों की जल्द ही नियुक्ति की जाएगी, इसके लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद


नारनौंद। पदभार ग्रहण करने के बाद पार्षदों के साथ मीटिंग करते चेयरमैन शमशेर कूकन। फोटो : हरिभूमि

नगरपालिका के नवनियुक्त चेयरमैन शमशेर कूकन सहित सभी 16 पार्षदों ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण किया। नगर पालिका सचिव प्रदीप कुमार द्वारा सभी का स्वागत किया गया। उसके बाद आम मीटिंग रखी गई। जिसमें अनेक मुद्दों पर चर्चा करके जल्द ही मीटिंग में एजेंडा पास किया जाएगा। और शहर के विकास की गति को तेज किया जाएगा।

नवनियुक्त चेयरमैन शमशेर कूकन ने बताया कि चुनाव में भी लोगों से शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए वोट मांगे थे और जनता ने विश्वास जताते हुए

- नगर पालिका सचिव प्रदीप कुमार ने सभी का स्वागत किया गया

भारी मतों से जिताया अब हमारी बारी है हम अपने वादों को पूरा करें और शहर के विकास की गति को तेज करके विकास के मामले में शहर को नंबर वन बनाएं इसके लिए सभी पार्षद भी पूरी एकजुटता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। मीटिंग में सभी पार्षदों ने अपनी राय रखी है कि शहर में सफाई व्यवस्था, पानी की निकासी, बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि आज से ही इन सभी चीजों पर काम करना शुरू कर दें। जल्द ही लोगों शहर में सुधार देखने को मिलेगा। सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के लिए नए सफाई कर्मचारियों की जल्द ही नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखा जाएगा। सफाई व्यवस्था रखने में महिला पार्षदों की अहम भूमिका रहेगी। सभी पार्षद शहर को स्वच्छ बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देकर शहर को सुंदर बनाने का काम करेंगे। पार्षद टेकराम शर्मा ने कहा कि लोगों को नगर पालिका में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी। ताकि उसे चक्कर न काटने पड़े। इस अवसर पर पार्षद राजवीर सिंह, अमित सैनी, पिंकीपाल, सत्यवान लोहान, दविंदर सिंह, टेकराम शर्मा, मुकेश देवी, सुनीता, पिंकी, नीलम, सुषमा, सोमबीर, सुखबीर, अनिल, ज्योति, प्रिया आदि समेम काफी संख्या में मौजूद थे।

# काव्य पाठ में निधि रही प्रथम

- हिन्दी और हरियाणवी काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय परिसर में उमंग के अंतर्गत हिंदी साहित्य परिषद की ओर से हिन्दी और हरियाणवी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
निर्णायक की भूमिका डॉ. सीमा, डॉ. नीतिका, डॉ. मुकेश कुमार ने निभाई। हरियाणवी काव्य पाठ प्रतियोगिता में निधि ने प्रथम स्थान, दीप्ति शर्मा ने द्वितीय और रेखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी के समानांतर हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता में रितु ने प्रथम स्थान, दीप्ति ने द्वितीय स्थान और नैन्सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिन्दी विभाग अध्यक्ष डॉ. कमलेश ख्यालिया ने विजेता बच्चों को बधाई दी।

### चिट्टा सप्लाई करने में दो सप्लायर जांच में शामिल

**हांसी।** थाना शहर पुलिस ने 1 किलो 20 ग्राम अफीम सप्लायर व एएनसी स्टाफ पुलिस ने 15 ग्राम चिट्टा सप्लाई करने वाले सप्लायर को जांच में शामिल किया है। पुलिस के अनुसार जांच में शामिल किए गए आरोपी जोधपुर जिले के गांव दत्तीवाड़ा निवासी छोटाराम ने वर्ष 2023 में जोधपुर जिले के ही गांव रावर निवासी महेन्द्र को 1 किलो 20 ग्राम अफीम सप्लाई की थी। शहर थाना पुलिस ने महेंद्र को अफीम सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज किया था। वहीं दूसरे आरोपी रोहतक जिले के गांव खोखरा निवासी विजय ने वर्ष 2023 में राजथल निवासी अमित व हवा सिंह को 15 ग्राम चिट्टा सप्लाई किया था।

## धोखाधड़ी मामले में 4 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

- फेसबुक पर नौकरी की दिलाने की फर्जी विज्ञापन लगा कर 2 लाख 20 हजार रुपये की थी

**हांसी।** बास थाना पुलिस ने फेसबुक पर नौकरी की फर्जी विज्ञापन दिखाकर 2 लाख 20 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी राजस्थान के जयपुर जिले के कस्बे कनोता के साशिया मोहल्ला निवासी अजय बिधावत को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी अजय ने साढ़े चार साल पहले अपनी फेसबुक आईडी पर नौकरी लगवाने का फर्जी विज्ञापन लगाया था। फेसबुक पर लगी नौकरी का विज्ञापन को देख कर भकलाना निवासी प्रवीन ने संपर्क किया तो उसे नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसके साथ 2 लाख 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर धोखाधड़ी के रुपये कमीशन लेकर अपने बैंक खाते में डलवाए थे। पुलिस ने प्रवीन की शिकायत पर मामला धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था लेकिन आरोपी 4 साल से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था। थाना बास पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नरसिंह। फोटो : हरिभूमि

उत्तर रेलवे में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं जिले के आदमपुर निवासी नरसिंह ने वाणिज्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पुरस्कार समारोह का आयोजन उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद थे।

कार्यक्रम में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने टिकट चेकिंग स्टाफ, पार्सल स्टाफ, बुकिंग स्टाफ को दिशा निर्देश दिए कि वे अपना कार्य पूरी लगन, तत्परता व ईमानदारी से करें ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नरसिंह ने टिकट चेकिंग स्टाफ को अपनी ड्यूटी का तत्परता से पालन करने के लिए निर्देशित किया जिससे बेटिकट यात्रियों को समय पर दंडित किया जा सके। उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर चेकिंग स्टाफ को भीड़ प्रबंधन में भी अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए तथा समस्त वाणिज्य विभाग को निर्देश दिया कि कोई भी कार्य लंबित न रखकर निश्चित समयावधि में पूर्ण किया जाए।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों का धरना जारी

- ???

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद


नारनौंद। उपमंडल अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन सब यूनिट नारनौंद का धरना उपमंडल अधिकारी के खिलाफ शुक्रवार को लगातार नौवें दिन भी जारी रहा। इसकी अध्यक्षता सब यूनिट के उप प्रधान लवकुश ने की तथा संचालन सब यूनिट सचिव सत्यवान रंगा ने किया। धरने में राज्य उप प्रधान जगमेंनदर पुनिया, सर्कल सचिव ओम प्रकाश वर्मा, यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा, यूनिट सचिव जोनी कुमार के साथ-साथ सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक नारनौंद के प्रधान रोहतास शर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया। धरने को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा ने आरोप लगाया कि उप मंडल अधिकारी नारनौंद का व्यवहार बहुत ही गलत है क्योंकि लगातार 15 दिन से यहां पर सब यूनिट का आंदोलन चला हुआ है लेकिन एसडीओ नारनौंद कभी भी ऑफिस में नहीं आया, जिसके कारण उपभोक्ताओं को अपने कार्यों के लिए लगातार ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें मायूस होकर यहां से जाना पड़ता है। जल्द से जल्द आप समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो इस आंदोलन को और तेज किया जाएगा, अगर इससे आम जनता को कोई परेशानी होती है। इसकी जिम्मेदारी उप मंडल अधिकारी तथा निगम मैनेजमेंट की होगी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर राम शर्मा, पवन कुमार, अनिल कुमार, राजेश बामल, राजेश कुमार, राजेश पेटवाड़, मनोज बडाला, सतीश कुमार, विकास गौतम, संदीप कुमार, राजेंद्र जांगड़ा, बलराज यादव, सुनील यादव, श्याम श्यामपाल यादव आदि ने संबोधित किया।


हिसार। हवन में आहुति डालते मंदिर के पदाधिकारी व मोहल्ला वासी।

## धूमधाम से मनाया शनिदेव मंदिर का वार्षिक महोत्सव

- सेवादारों ने हवन, तेलाभिषेक, कंजक पूजन करके भंडारा किया

**हिसार।** पुरानी सब्जी मंडी चौक के निकट स्थित ढाणी बड़वाली के शनिदेव मंदिर का 16वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें अनेक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया।
मंदिर की श्रीशनिदेव सेवा समिति के प्रधान महाबीर सैनी व सचिव रामबीर सैनी ने बताया कि महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः हवन, तेलाभिषेक व कंजक पूजन किया गया। हवन में मंदिर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों व मौहल्ला वासियों ने आहुतियां डाली। मंदिर के पुजारी पं. हनुमान भार्गव भादरा वाले व पं. मनोज शास्त्री ने मंत्रोच्चारण किये। शनिदेव का तेलाभिषेक किया गया। भगवान शनिदेव, हनुमानजी, महाकाली व नवग्रहों की विधि-विधान से आरती की गई तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पूजन के बाद भंडारा चलाया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।
समिति के प्रधान महाबीर सैनी व सचिव रामबीर सैनी ने बताया कि महोत्सव में मुख्यातथि के रुप में समाजसेवी देवेन्द्र सैनी, रजनीश देवसरिया, नरेन्द्र सैनी उर्फ नरेश, भरत सिंह उर्फ बबलू ने वार्षिक महोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक सतबीर वर्मा, कार्यवाहक प्रधान कृष्ण सैनी भिवानी वाले, उपप्रधान सुभाष सैनी, कैशियर राजेन्द्र वर्मा, सह कैशियर पवन गर्ग, कैलाश गर्ग, कृष्ण खंडेलवाल आदि रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

# हिसार से 9, हांसी से 3 और आदमपुर से 3 और उकलाना से एक आपत्तियां प्राप्त

- कलेक्टर रेट में 10 फीसद से कम या 30 फीसद से अधिक की वृद्धि के मामलों में वाजिब कारण प्रस्तुत करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। कलेक्टर रेट निर्धारण को लेकर आयोजित बैठक में निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सी . जयाश्रद्धा। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन की ओर से वर्ष 2025-26 के कलेक्टर रेट निर्धारण को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद एसडीएम मोहित महराणा सहित विभिन्न राजस्व से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।
एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेक्टर रेट में 10 प्रतिशत से कम या 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के मामलों में स्पष्ट और वाजिब कारण प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने कहा कि रेट निर्धारण में पारदर्शिता और तर्कसंगतता को प्राथमिकता दी जाए ताकि किसी भी पक्ष को अनावश्यक असुविधा न हो। बैठक के दौरान प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। हिसार से 9, हांसी से 3 और आदमपुर से 3, उकलाना से 1 आपत्तियां प्राप्त हुई थीं।

**दिए निर्देश**

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में प्राप्त आपत्तियों पर संतुलित और निष्पक्ष सिफारिशें तैयार करके प्रस्तुत करें। कलेक्टर रेट को यथासंभव व्यावहारिक बनाए रखने का प्रयास करें।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे दयानंद कॉलेज के विद्यार्थी



हिसार। दयानंद महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने गुरु गौरक्षकनाथ राजकीय महाविद्यालय के कम्प्यूटर साईंस विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कम्प्यूटर साइंस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में दयानंद महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग की टीम के विद्यार्थी बीएससी फाइनल ईयर के भारत, बीसीए द्वितीय वर्ष की मंजू तथा ईशा बंसल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कम्प्यूटर साइंस विभाग की प्राध्यापिका प्रो. शालू रानी तथा प्रो. मीनाक्षी सुखीजा ने इस कार्य में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. नरेन्द्र कुमार तथा कम्प्यूटर साइंस एसोसिएशन की इंचार्ज प्रो. शालू रानी, प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को बधाई दी।

**समीक्षा** जिला एवं सत्र न्यायालय हिसार का वार्षिक निरीक्षण, न्यायिक कार्यप्रणाली पर हुई विस्तृत समीक्षा

# हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जसगुरप्रीत सिंह पुरी ने किया न्यायिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण

न्यायाधीश पुरी ने बार एसोसिएशन की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। स्वागत करते जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति जसगुरप्रीत सिंह पुरी ने जिला एवं सत्र न्यायालय हिसार का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालयों की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों, आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

न्यायाधीश ने शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीके मित्तल सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों से चर्चा कर मामलों के शीघ्र निपटान के उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने केस डिस्पोजल रेट, फैसलों में देरी के कारणों और न्यायालय प्रशासन में सुधार की संभावनाओं पर भी विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने सभी अदालतों का दौरा कर न्यायिक प्रक्रियाओं का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**बार एसोसिएशन ने रखीं मांगे**

निरीक्षण के पश्चात माननीय न्यायाधीश ने जिला बार एसोसिएशन हिसार के बार रूम में अधिवक्ताओं से संवाद किया। इस अवसर पर हिसार बार एसोसिएशन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता बार के सचिव समीर भाटिया ने की। उन्होंने माननीय न्यायाधीश के जीवन परिचय से अधिवक्ताओं को अवगत करवाया। इसके पश्चात बार के सह-सचिव संदीप भारद्वाज ने हिसार न्यायालय और बार एसोसिएशन के ऐतिहासिक योगदान की जानकारी दी। बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप बूरा ने अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं को माननीय न्यायाधीश के समक्ष रखा और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। न्यायाधीश पुरी ने बार एसोसिएशन की सभी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि आवश्यक सुधार जल्द से जल्द लागू किए जाएंगे।

**पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ**

माननीय न्यायाधीश ने 'अर्थ ज्यूरिस्ट्स' के पौधरोपण अभियान के तहत न्यायालय परिसर में कदम का पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। इस पर्यावरण-संवर्धन पहल के लिए अर्थ ज्यूरिस्ट्स की पूरी टीम ने माननीय न्यायाधीश का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के उपप्रधान विकास पूनिया, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव, अधिवक्ता एमपी अग्रवाल, एसएम आनंद, एमएस नैन, पीसी मित्तल, जेएस माल्ही आदि रहे।